प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते को 3 प्रतिशत बढ़ाने को दी मंजूरी : विपणन सत्र 2026—27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी मिली स्वीकृति।
2. महानवमी पर देवी मंदिरों में उमड़े भक्त : मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कन्या पूजन कर, कहा— नारी शक्ति के प्रति आस्था का पर्व है नवरात्र।
3. दशहरे और दीपावली पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वातानुकूलित बसों के किराए में देगा 10 प्रतिशत छूट : परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा— अगले आदेश तक जारी रहेगो सुविधा। और
4. प्रदेश के कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : आकाशीय बिजली की चपेट में आने से फतेहपुर में 7 और श्रावस्ती में एक व्यक्ति की मौत।

————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशन भोगियों के लिए महंगाई राहत

में तीन प्रतिशत बढोतरी को मंजूरी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग 49 लाख बीस हजार कर्मचारियों और 68 लाख 70 हजार पेंशन भोगियों को लाभ होगा। यह बढोत्तरी इस वर्ष पहली जुलाई स प्रभावी होगी। *बाइट....*

*हमारे सभी केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशनर्स को बधाई। आज से एक साथ दो हज़ार पच्चीस से डीए और डियरनेस रिलीफ फिफ्टी एट पर्सेंट हो। यानी तीन पर्सेंट बढ़ा। बहुत ही बड़ी अच्छी बढ़ोतरी है ये केंद्र सरकार के बढ़ाने के बाद में राज्य सरकार के एम्प्लॉइज को भी इसका सीधा बेनिफिट मिलेगा। टोटल करीब करीब टेन थाउजेंड एटीफॉर करोड़ रुपीस पर यर एक्स्ट्रा मिलेगा हमारे सभी केंद्रीय कर्मचारियों को प्लस पेंशनर्स को।*

महंगाई भत्ते में वृद्धि से केंद्रीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। लखनऊ में कार्यरत केंद्रीय कर्मचारी राघवेंद्र प्रताप ने बताया कि सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों को बहुत राहत मिलेगी। *बाइट.....*

*आज जो महंगाई भत्ता सरकार द्वारा बढ़ाया गया है ये हम लोगों के लिए बहुत ही लाभदायक है और इससे हम लोगों को जो महंगाई की मार पड़ती है दैनिक जीवन में उससे काफी राहत मिलेगी।*

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी है। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल है। इसके साथ ही विपणन सत्र 2026–27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम

समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी कैबिनेट ने स्वीकृति दी है।

*बाइट...*

*रबी सीजन की एमएसपी बढ़ाने से टोटल एटीफॉर थाउजेंड टू हंड्रेड सिक्सटी थ्री करोड़ रुपीस हमारे किसान भाइयों के सीएससीपी की रिकमेंडेशन आई और जो रबी सीजन के छह बड़े क्रॉप्स हैं व्हीट, बारले, ग्राम लेंटिल, पेप्सी, मस्टर्ड और सफलावर। इनके सब में जो कमिटमेंट है कॉस्ट से मिनिमम फिफ्टी पर्सेंट अधिक होना। उस कमिटमेंट को ध्यान में रखते हुए ये नए एमएसपी आज अप्रूव हुए हैं।*

कैबिनेट के इस निर्णय से किसानों में खुशी का माहौल है। मुजफ्फरनगर के किसान धर्मेन्द्र मलिक ने इस फैसले के लिये सरकार का आभार जताया। बाइट.......

*भारत सरकार द्वारा रबी की फसलों में जो वृद्धि की गई है। पिछले वर्षों की तुलना में यह वृद्धि काफी संतोषजनक है। इससे किसानों की आय में लाभ होगा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

———————————

शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भोड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में कन्याओं के पांव पखारे, विधि विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति के प्रति सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के भाव के साथ सरकार अनेक कार्यक्रम चला रही है। *बाइट.....*

*महिला शक्ति के सम्मान और उनके स्वावलंबन के साथ साथ जुड़े हुए अनेक कार्यक्रम प्रदेश के अंदर आज के दिन पर एक करोड़ ऐसे परिवार या महिलाएं हैं जिनको हम बारह हजार रुपये सालाना पेंशन की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। छब्बीस लाख से अधिक ऐसी बेटियां हैं जिन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से जन्म से लेकर के स्नातक तक पच्चीस हजार रूपये के पैकेज के साथ सरकार ने उनके प्रति सरकार और समाज की जिम्मेदारी को समझते हुए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।*

———————————

बलरामपुर में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ में आज सुबह विधि विधान से कन्या पूजन कर सर्व समाज के कल्याण की कामना की गई। देवीपाटन में मां के दर्शन पूजन के लिए सुबह से श्रद्धालु लम्बी कतारों में लगे हुए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*देवीपाटन शक्तिपीठ पर नवरात्रि के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। मां के जयकारों के बीच भक्त व्रत की पूर्णाहुति, हवन, कन्या भोज भी सम्पन्न कर रहे हैं। सूर्यकुंड से लेकर मंदिर परिसर तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी हुई है। श्रद्धालु आस्था के साथ मां के दरबार में नारियल और चुनरी भेंट कर मंगलकामना कर रहे हैं। नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनज़र विशेष चौकसी बरती जा रही है। जनपद के विभिन्न पूजा पंडालों में भी विधिविधान के साथ नवरात्रि पूजन सम्पन्न किया जा रहा है। राम कुमार मिश्र देवी पाटन शक्तिपीठ बलरामपुर।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम बात करेंगे हस्तशिल्प वस्तुओं पर जीएसटी कटौती के बारे में.......

*नये जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने कारीगरों, व्यापारियों और ग्राहकों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए हस्तशिल्पत क्षेत्र में जीएसटी दर में कटौती की है। चीनी मिट्टी और मिट्टी के बर्तन के अलावा रसोई के सामान जैसे रोजमर्रा की चीजें अब 12 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत कर के दायरे में आ गई है। मूर्तियां, फूलदान, पूजा सामग्री और सजावटी सामान जैसे कांच के समान पर भी अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इन श्रेणियां में लागत कम करके यह सुधार न केवल परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करेगा बल्कि भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत की मांग को भी मजबूत करेगा। आदित्य प्रताप सिंह आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने क लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम चर्चा कर रहे हैं कि

**कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक साझेदारियों को मज़बूत किया है और भारत को विश्व पटल पर एक मज़बूत पक्ष के रूप में प्रस्तुति किया है।........**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक भागीदारी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है, इससे देश वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरा है। हमारी प्राथमिकता थी कि जी20 को ग्लोबल स्केल पर समावेशी और ह्यूमन सेंट्रिक बनाया जाए। जी20 का फोकस हो डेवलपमेंट ऑफ द पीपल, बाय द पीपल एंड फॉर द पीपल इसी उद्देश्य से हमने इस बार जनवरी में पहली बार वॉइस सब ग्लोबल साउथ समिट का आयोजन किया। इसका नतीजा रहा की न्यूी दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन ग्लोबल साउथ के विषयों पर हमें सब की सहमति हासिल करने में कामयाबी मिली।*

*बहुध्रुवीयता और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत, एक हितधारक के रूप में नहीं बल्कि बहुपक्षीय भागीदारी के संरक्षक के रूप में भी उभरा है। विष्णुभ की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।*

————————————

**दशहरे का पर्व कल प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी।**

————————————

**प्रदेश सरकार ने दशहरे और दीपावली पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों के किराए में लगभग 10 प्रतिशत छूट देने का फैसला लिया है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस निर्णय से**

यात्रियों को कम किराए में आरामदायक सफ़र की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह छूट अगले आदेशों तक जारी रहेगी। इस दौरान यात्री जनरथ, पिंक, शताब्दी, वोल्वो, वातानुकूलित शयनयान जैसी बसों में कम किराया देकर सफर कर सकेंगे। हालांकि, 01 जनवरी 2024 के बाद पंजीकृत नई वातानुकूलित बसों पर यह छूट लागू नहीं होगी।

———————————

प्रदेश के कई जनपदों में आज भी रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। बीते 24 घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से फतेहपुर में 7 और श्रावस्ती में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बदायूं में तीन लोग झुलस गये। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी जनपदों में बारिश औऱ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)